**Series : WYXZ7**

**SET ~ 1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/7/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं।
Please check that this question paper contains **39** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख** ।*

*(iii)* ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।*

*(iv)* ***भाग ख** के दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

***विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण***

***विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन***

*(v)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **21, 22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

## भाग क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** पूजा तथा कुमारी एक फर्म में साझेदार थीं तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 1 अप्रैल, 2023 को फर्म के लाभों में 1/4 भाग के लिए नूरी को एक नया साझेदार बनाया गया। नूरी को ₹ 1,20,000 के न्यूनतम लाभ की गारंटी दी गई। इससे हुई किसी भी कमी को पूजा तथा कुमारी अपने लाभ विभाजन अनुपात में वहन करेंगी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म ने ₹ 3,60,000 का शुद्ध लाभ अर्जित किया। पूजा द्वारा वहन की गई कमी की राशि होगी : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 1,20,000

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 1,60,000

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

*(iii)* ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iv)* ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

***Option I : Analysis of Financial Statements***

***Option II : Computerised Accounting***

*(v)* *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are multiple choice questions. Each question carries **1** mark.*

*(vi)* *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

*(vii)* *Questions number **21, 22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

*(viii)* *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

## PART A

## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** Pooja and Kumari were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. On 1st April, 2023, Noori was admitted for a new partner 1/4th share in the profits of the firm. Noori was guaranteed a minimum profit of ₹ 1,20,000. Any deficiency on this account was to be borne by Pooja and Kumari in their profit sharing ratio. During the year ended 31st March, 2024, the firm earned a net profit of ₹ 3,60,000. The amount of deficiency borne by Pooja will be : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 1,20,000

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 1,60,000

**2.** यहाँ दो कथन दिए गए हैं अभिकथन (A) तथा कारण (R) : *1*

*अभिकथन (A) :* फर्म के ऋणों का भुगतान करने के लिए एक साझेदार की निजी परिसंपत्तियों का भी उपयोग किया जा सकता है।

*कारण (R) :* फर्म के कार्यों के लिए एक साझेदार की देयता सीमित होती है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(B) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(C) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(D) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**3.** कंपनी की अंश पूँजी की वह राशि जो कंपनी अपने सीमा पार्षद नियम (संस्थापन ज्ञापन) के द्वारा निर्गमित करने हेतु अधिकृत है, जानी जाती है : *1*

(A) निर्गमित पूँजी  (B) आरक्षित पूँजी

(C) नाममात्र पूँजी/पंजीकृत पूँजी  (D) अभिदत्त पूँजी

**4.** नंदन तथा अभिनंदन एक फर्म में साझेदार थे। उन्होंने लाभों में 1/3 भाग के लिए गोविंदन को एक नया साझेदार बनाया। गोविंदन के प्रवेश के समय फर्म का स्थिति विवरण ₹ 3,00,000 के विविध देनदार तथा ₹ 24,000 डूबत ऋण प्रावधान दर्शा रहा था। यह निर्णय लिया गया कि डूबत ऋण प्रावधान को देनदारों के 10% पर रखा जाए।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी रोज़नामचा प्रविष्टि सही लेखांकन दर्शाएगी ? *1*

**रोज़नामचा**

| | विवरण | | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | पुनर्मूल्यांकन खाता | नाम | 30,000 | |
| | डूबत ऋण प्रावधान से | | | 30,000 |
| (B) | पुनर्मूल्यांकन खाता | नाम | 6,000 | |
| | डूबत ऋण प्रावधान से | | | 6,000 |
| (C) | गोविंदन का खाता | नाम | 2,000 | |
| | डूबत ऋण प्रावधान से | | | 2,000 |
| (D) | नंदन का खाता | नाम | 2,000 | |
| | अभिनंदन का खाता | नाम | 2,000 | |
| | गोविंदन का खाता | नाम | 2,000 | |
| | डूबत ऋण प्रावधान से | | | 6,000 |

**2.** There are two statements Assertion (A) and Reason (R) : *1*

*Assertion (A) :* Private assets of a partner can also be used for paying off the firm's debts.

*Reason (R) :* Liability of a partner for acts of the firm is limited.

Choose the correct alternative from the following :

(A) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

(B) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(C) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

**3.** The amount of share capital which a company is authorised to issue by its Memorandum of Association is known as : *1*

(A) Issued Capital

(B) Reserve Capital

(C) Nominal Capital/Registered Capital

(D) Subscribed Capital

**4.** Nandan and Abhinandan were partners in a firm. They admitted Govindan as a new partner for 1/3rd share in the profits. On Govindan's admission, the Balance Sheet of the firm showed sundry debtors at ₹ 3,00,000 and a provision for bad debts at ₹ 24,000. It was decided to maintain the provision for bad debts at 10% of the debtors.

Which of the following journal entries will show the correct accounting treatment for the above transactions ? *1*

**Journal**

| | Particulars | Dr. Amount (₹) | Cr. Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | Revaluation A/c Dr.<br>To Provision for Bad Debts | 30,000 | <br>30,000 |
| (B) | Revaluation A/c Dr.<br>To Provision for Bad Debts | 6,000 | <br>6,000 |
| (C) | Govindan's A/c Dr.<br>To Provision for Bad Debts | 2,000 | <br>2,000 |
| (D) | Nandan's A/c Dr.<br>Abhinandan's A/c Dr.<br>Govindan's A/c Dr.<br>To Provision for Bad Debts | 2,000<br>2,000<br>2,000 | <br><br><br>6,000 |

**5.** (क) जयंत, विजयंत तथा अनंत एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 से उन्होंने लाभों को 5 : 3 : 2 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया। इस उद्देश्य के लिए फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 6,00,000 किया गया। साझेदारों ने ख्याति खाता खोले बिना ख्याति के लेखांकन का निर्णय लिया। कितनी राशि से साझेदारों के खाते डेबिट अथवा क्रेडिट किए जाएँगे ? *1*

(A) अनंत के खाते को ₹ 6,00,000 से डेबिट तथा विजयंत के खाते को ₹ 6,00,000 से क्रेडिट।

(B) विजयंत के खाते को ₹ 6,000 से डेबिट तथा अनंत के खाते को ₹ 6,000 से क्रेडिट।

(C) विजयंत के खाते को ₹ 20,000 से डेबिट तथा अनंत के खाते को ₹ 20,000 से क्रेडिट।

(D) अनंत के खाते को ₹ 20,000 से डेबिट तथा विजयंत के खाते को ₹ 20,000 से क्रेडिट।

**अथवा**

(ख) अक्षय, रीत तथा मान्या एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 को उन्होंने निर्णय लिया कि भविष्य में वे 2 : 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करेंगे। निम्नलिखित में से लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण साझेदारों के अभिलाभ अथवा त्याग को पहचानिए : *1*

(A) अक्षय का त्याग 1/9, रीत का त्याग 1/9, मान्या का अभिलाभ 2/9

(B) अक्षय का अभिलाभ 1/9, रीत का अभिलाभ 1/9, मान्या का त्याग 2/9

(C) अक्षय का त्याग 2/9, रीत का अभिलाभ 1/9, मान्या का अभिलाभ 1/9

(D) अक्षय का अभिलाभ 2/9, रीत का त्याग 1/9, मान्या का त्याग 1/9

**6.** (क) X लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 100 अंशों को ₹ 15 प्रति अंश (₹ 5 प्रीमियम सहित) की आबंटन राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। ₹ 50 प्रति अंश की प्रथम तथा अंतिम याचना की माँग अभी तक नहीं की गई थी। अंश पूँजी खाते के नाम पक्ष में खतौनी की गई राशि थी : *1*

(A) ₹ 4,500 (B) ₹ 1,500

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 5,000

**अथवा**

(ख) रमन लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 500 अंशों को ₹ 2 प्रति अंश की अंतिम याचना का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। हरण किए गए अंशों में से 300 अंशों को ₹ 12 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमन कर दिया गया। पूँजी संचय खाते में हस्तांतरित की जाने वाली राशि थी : *1*

(A) ₹ 2,400 (B) ₹ 3,000

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 5,000

**5.** (a) Jayant, Vijayant and Anant were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. With effect from 1st April, 2024, they decided to share the profits in the ratio of 5 : 3 : 2. For this purpose, the goodwill of the firm was valued at ₹ 6,00,000. The partners decided to treat goodwill without opening goodwill account. By what amount will the partners' accounts be debited or credited ? *1*

(A) Debit Anant by ₹ 6,00,000 and Credit Vijayant by ₹ 6,00,000.

(B) Debit Vijayant by ₹ 6,000 and Credit Anant by ₹ 6,000.

(C) Debit Vijayant by ₹ 20,000 and Credit Anant by ₹ 20,000.

(D) Debit Anant by ₹ 20,000 and Credit Vijayant by ₹ 20,000.

**OR**

(b) Akshay, Reet and Manya were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. With effect from 1st April, 2024, they decided that in future, they will share the profits and losses in the ratio of 2 : 4 : 3. Identify the gain or sacrifice by the partners due to change in the profit sharing ratio from the following : *1*

(A) Akshay's sacrifice 1/9, Reet's sacrifice 1/9, Manya's gain 2/9

(B) Akshay's gain 1/9, Reet's gain 1/9, Manya's sacrifice 2/9

(C) Akshay's sacrifice 2/9, Reet's gain 1/9, Manya's gain 1/9

(D) Akshay's gain 2/9, Reet's sacrifice 1/9, Manya's sacrifice 1/9

**6.** (a) X Ltd. forfeited 100 shares of ₹ 100 each for non-payment of the allotment money of ₹ 15 per share (including premium ₹ 5). The first and final call of ₹ 50 per share was not yet made. The amount that was debited to share capital account was : *1*

(A) ₹ 4,500 (B) ₹ 1,500

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 5,000

**OR**

(b) Raman Ltd. forfeited 500 shares of ₹ 10 each for non-payment of final call of ₹ 2 per share. Out of the forfeited shares, 300 shares were re-issued at ₹ 12 per share fully paid-up. The amount that was transferred to Capital Reserve Account was : *1*

(A) ₹ 2,400 (B) ₹ 3,000

(C) ₹ 4,000 (D) ₹ 5,000

**7.** (क) 1 अक्टूबर, 2024 को निर्मल लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 6,000, 11% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा। 'ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि' होगी : *1*

(A) ₹ 1,20,000 (B) ₹ 60,000

(C) ₹ 6,00,000 (D) ₹ 6,60,000

**अथवा**

(ख) राजा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 8,000, 10% ऋणपत्रों का ₹ 98 प्रति ऋणपत्र पर निर्गमन किया। 10% ऋणपत्र खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जाने वाली राशि होगी : *1*

(A) ₹ 9,80,000 (B) ₹ 10,00,000

(C) ₹ 7,84,000 (D) ₹ 8,00,000

**8.** (क) संध्या तथा सुमन एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 31 मार्च, 2024 को उन्होंने फर्म को विघटित करने का निर्णय लिया। विघटन की तिथि को फर्म का स्थिति विवरण ₹ 80,000 के विविध देनदार तथा डूबत ऋण प्रावधान खाते में ₹ 5,000 का शेष दर्शा रहा था। विविध देनदार खाते को बंद करने के लिए वसूली खाते में कितनी राशि हस्तांतरित की जाएगी ? *1*

(A) ₹ 75,000 (B) ₹ 85,000

(C) ₹ 80,000 (D) ₹ 90,000

**अथवा**

(ख) देव, भूदेव तथा शामदेव एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभों का बराबर-बराबर विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनकी फर्म का विघटन हो गया। इस तिथि को बैंक खाता ₹ 10,000 का जमा शेष दर्शा रहा था तथा नगदी खाते में ₹ 15,000 का नाम शेष था। सभी भुगतानों का निपटान चैक के द्वारा किया गया। ₹ 2,000 के एक लेनदार रवि का कोई बैंक खाता नहीं था अत: उसे नगद भुगतान किया गया। इसके पश्चात नगदी शेष को बैंक में जमा करके नगदी खाता बंद कर दिया गया। नगदी खाता बंद करने की रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

(A) नगदी खाते को ₹ 10,000 से डेबिट तथा बैंक खाते को ₹ 10,000 से क्रेडिट

(B) नगदी खाते को ₹ 10,000 से क्रेडिट तथा बैंक खाते को ₹ 10,000 से डेबिट

(C) बैंक खाते को ₹ 13,000 से डेबिट तथा नगदी खाते को ₹ 13,000 से क्रेडिट

(D) नगदी खाते को ₹ 13,000 से डेबिट तथा बैंक खाते को ₹ 13,000 से क्रेडिट

**9.** ऊषा तथा मोहक एक फर्म में साझेदार थे। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में ऊषा ने प्रत्येक अर्ध-वर्ष के अंत में एक निश्चित राशि का आहरण किया। आहरण पर ब्याज 9% प्रति वर्ष की दर से प्रभारित किया जाएगा। ऊषा के आहरण पर ब्याज ________ महीनों के लिए प्रभारित किया जाएगा। *1*

(A) 3 (B) 6

(C) 9 (D) 12

**7.** (a) On 1$^{st}$ October, 2024, Nirmal Ltd. issued 6,000, 11% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 10%. 'Loss on Issue of Debentures' will be : *1*

(A) ₹ 1,20,000 (B) ₹ 60,000

(C) ₹ 6,00,000 (D) ₹ 6,60,000

**OR**

(b) Raja Ltd. issued 8,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at ₹ 98 per debenture. 10% Debentures Account will be credited by : *1*

(A) ₹ 9,80,000 (B) ₹ 10,00,000

(C) ₹ 7,84,000 (D) ₹ 8,00,000

**8.** (a) Sandhya and Suman were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 5. They decided to dissolve the firm on 31$^{st}$ March, 2024. On the date of dissolution, the Balance Sheet of the firm showed a balance of ₹ 80,000 in sundry debtors and a balance of ₹ 5,000 in provision for bad debts account. How much amount will be transferred to Realisation Account to close Sundry Debtors Account ? *1*

(A) ₹ 75,000 (B) ₹ 85,000

(C) ₹ 80,000 (D) ₹ 90,000

**OR**

(b) Dev, Bhudev and Shamdev were partners in a firm sharing profits equally. On 31$^{st}$ March, 2024, their firm was dissolved. On this date the bank account showed a credit balance of ₹ 10,000 and there was a debit balance of ₹ 15,000 in the cash account. All payments were settled by cheque. Ravi, a creditor of ₹ 2,000 was not having any bank account, therefore he was paid in cash. Afterwards the cash account was closed by depositing the balance of cash into the bank. The journal entry for closing cash account will be : *1*

(A) Debit Cash A/c by ₹ 10,000 and Credit Bank account by ₹ 10,000

(B) Credit Cash A/c by ₹ 10,000 and Debit Bank account by ₹ 10,000

(C) Debit Bank A/c by ₹ 13,000 and Credit Cash account by ₹ 13,000

(D) Debit Cash A/c by ₹ 13,000 and Credit Bank account by ₹ 13,000

**9.** Usha and Mohak were partners in a firm. Usha withdrew a fixed amount at the end of every half-year for the year ended 31$^{st}$ March, 2024. Interest on drawings is charged at 9% p.a. Interest on Usha's drawings will be charged for _____ months. *1*

(A) 3 (B) 6

(C) 9 (D) 12

**10.** (क) निम्नलिखित में से किसका परिणाम साझेदारी फर्म के अनिवार्य विघटन में ***नहीं*** होगा ? *1*

(A) जब सभी साझेदार अथवा एक को छोड़कर सभी साझेदार दिवालिया हो जाएँ।

(B) जब फर्म का व्यवसाय ग़ैर-कानूनी हो जाए।

(C) जब कोई ऐसी स्थिति पैदा हो जाए कि साझेदारों द्वारा साझेदारी फर्म का व्यवसाय चलाना ग़ैर-कानूनी हो जाए।

(D) जब किसी साझेदार की मृत्यु हो जाए।

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित में से किसका परिणाम साझेदारी फर्म का विघटन होगा ? *1*

(A) एक साझेदार की मृत्यु।

(B) एक साझेदार का दिवालिया हो जाना।

(C) जब फर्म का व्यवसाय ग़ैर-कानूनी हो जाए।

(D) साझेदारी की अवधि समाप्त हो जाना।

**11.** सलोनी तथा मोहिनी एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 31 मार्च, 2024 को सलोनी की पूँजी ₹ 1,50,000 थी। वर्ष भर में उसने ₹ 10,000 का आहरण किया तथा ₹ 32,000 की अतिरिक्त पूँजी लगाई। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म ने ₹ 50,000 का लाभ अर्जित किया। 1 अप्रैल, 2023 को सलोनी की पूँजी थी : *1*

(A) ₹ 1,30,000 (B) ₹ 2,02,000

(C) ₹ 1,08,000 (D) ₹ 98,000

**12.** 1 अप्रैल, 2023 को मुद्रा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 9,000, 12% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 4 वर्षों के पश्चात 10% प्रीमियम पर किया जाएगा। 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में ऋणपत्रों पर ब्याज की देय राशि थी : *1*

(A) ₹ 9,90,000 (B) ₹ 9,00,000

(C) ₹ 1,08,000 (D) ₹ 1,18,800

**13.** एमके लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 100 अंशों का हरण किया। हरण की गई राशि ₹ 800 थी। इन अंशों को पुन:निर्गमित करने के लिए बट्टे की अधिकतम राशि हो सकती है : *1*

(A) ₹ 2 (B) ₹ 9

(C) ₹ 1 (D) ₹ 8

**14.** हरी, चन्दर, प्रकाश तथा गोविन्द एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 को हरी सेवानिवृत्त हो गया तथा चन्दर, प्रकाश एवं गोविन्द ने उसके भाग का अधिग्रहण बराबर-बराबर कर लिया। चन्दर, प्रकाश तथा गोविन्द का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 7 : 4 : 4 (B) 15 : 8 : 7

(C) 1 : 1 : 1 (D) 16 : 7 : 7

**10.** (a) Which of the following will ***not*** result in compulsory dissolution of a partnership firm ? *1*

(A) When all partners or all but one partner become insolvent.
(B) When the business of the firm becomes illegal.
(C) When some event has taken place which makes it unlawful for the partners to carry on the business of the firm in partnership.
(D) When a partner dies.

**OR**

(b) Which of the following will result in dissolution of a partnership firm ? *1*

(A) Death of a partner.
(B) Insolvency of a partner.
(C) When the business of the firm becomes illegal.
(D) Expiry of the period of partnership.

**11.** Saloni and Mohini were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 31st March, 2024, Saloni's capital was ₹ 1,50,000. During the year, she withdrew ₹ 10,000 and introduced additional capital of ₹ 32,000. For the year ended 31st March, 2024, the firm earned a profit of ₹ 50,000. Saloni's capital as on 1st April, 2023, was : *1*

(A) ₹ 1,30,000 (B) ₹ 2,02,000
(C) ₹ 1,08,000 (D) ₹ 98,000

**12.** On 1st April, 2023, Mudra Ltd. issued 9,000, 12% Debentures of ₹ 100 each at 10% premium, redeemable at a premium of 10% after 4 years. The interest due on debentures for the year ended 31st March, 2024 was : *1*

(A) ₹ 9,90,000 (B) ₹ 9,00,000
(C) ₹ 1,08,000 (D) ₹ 1,18,800

**13.** MK Ltd. forfeited 100 shares of ₹ 10 each. The amount forfeited was ₹ 800. The maximum discount per share at which these shares may be reissued will be : *1*

(A) ₹ 2 (B) ₹ 9
(C) ₹ 1 (D) ₹ 8

**14.** Hari, Chander, Prakash and Govind were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 1 : 1. On 1st April, 2024, Hari retired and his share was acquired equally by Chander, Prakash and Govind. The new profit sharing ratio of Chander, Prakash and Govind will be : *1*

(A) 7 : 4 : 4 (B) 15 : 8 : 7
(C) 1 : 1 : 1 (D) 16 : 7 : 7

**15.** विमल, बोस तथा घोष एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभ-हानि का बराबर-बराबर विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 को बोस फर्म से सेवानिवृत्त हो गया तथा विमल एवं घोष के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात 4 : 3 रखने का निर्णय लिया गया। बोस की सेवानिवृत्ति पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 2,10,000 किया गया। यह निर्णय लिया गया कि ख्याति खाता खोले बिना ख्याति का लेखांकन किया जाएगा। बोस की सेवानिवृत्ति पर ख्याति के लेखांकन के लिए साझेदारों के पूँजी खातों को कितनी राशि से डेबिट अथवा क्रेडिट किया जाएगा ? *1*

(A) बोस का खाता ₹ 70,000 से डेबिट, विमल तथा घोष को क्रमशः ₹ 50,000 तथा ₹ 20,000 से क्रेडिट।

(B) विमल को ₹ 50,000 से डेबिट, घोष को ₹ 20,000 से डेबिट तथा बोस को ₹ 70,000 से क्रेडिट।

(C) विमल, बोस तथा घोष प्रत्येक को ₹ 70,000 से क्रेडिट तथा ख्याति खाता ₹ 2,10,000 से डेबिट।

(D) विमल को ₹ 1,20,000 से डेबिट, घोष को ₹ 90,000 से डेबिट तथा बोस का खाता ₹ 2,10,000 से क्रेडिट।

**16.** जिम तथा जॉय एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभ-हानि का बराबर-बराबर विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 को उन्होंने फर्म के लाभों में 1/5 भाग के लिए जॉन को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। जॉन की प्रवेश की तिथि पर जिम तथा जॉय का स्थिति विवरण, लाभ-हानि खाते में ₹ 45,000 का डेबिट शेष दर्शा रहा था।

जॉन के प्रवेश के समय निम्नलिखित में से इस शेष का लेखांकन क्या होगा ? *1*

(A) जिम तथा जॉय प्रत्येक को ₹ 22,500 से डेबिट तथा लाभ-हानि खाते को ₹ 45,000 से क्रेडिट।

(B) जिम तथा जॉय प्रत्येक को ₹ 18,000 से डेबिट, जॉन को ₹ 9,000 से डेबिट तथा लाभ-हानि खाते को ₹ 45,000 से क्रेडिट।

(C) जॉन को ₹ 45,000 से डेबिट एवं जिम तथा जॉय प्रत्येक को ₹ 22,500 से क्रेडिट।

(D) लाभ-हानि खाते को ₹ 45,000 से डेबिट एवं जिम तथा जॉय प्रत्येक को ₹ 22,500 से क्रेडिट।

**17.** जैन तथा गुप्ता एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को फर्म का विघटन हो गया। विविध परिसंपत्तियों (₹ 6,400 रोकड़ को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष देयताओं को वसूली खाते में हस्तांतरित करने के पश्चात निम्नलिखित लेनदेन हुए :

(i) ₹ 80,000 के देनदारों को एक ऋण एकत्रण एजेंसी ने 10% बट्टे पर ले लिया।

(ii) ₹ 40,000 के लेनदारों को जैन ने ले लिया।

(iii) ₹ 5,100 की वसूली व्यय राशि थी, जिसका भुगतान गुप्ता द्वारा किया गया।

जैन तथा गुप्ता की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

15. Vimal, Bose and Ghosh were partners in a firm sharing profits and losses equally. On 1st April, 2024, Bose retired from the firm and the new profit sharing ratio between Vimal and Ghosh was decided as 4 : 3. On Bose's retirement, the goodwill of the firm was valued at ₹ 2,10,000. It was decided to treat goodwill without opening goodwill account. By what amount will the partners' capital accounts be debited or credited for the treatment of goodwill on Bose's retirement ? *1*

(A) Debit Bose's A/c by ₹ 70,000, Credit Vimal and Ghosh by ₹ 50,000 and ₹ 20,000, respectively.

(B) Debit Vimal by ₹ 50,000, Debit Ghosh by ₹ 20,000 and Credit Bose by ₹ 70,000.

(C) Credit Vimal, Bose and Ghosh by ₹ 70,000 each and Debit Goodwill A/c by ₹ 2,10,000.

(D) Debit Vimal by ₹ 1,20,000, Debit Ghosh by ₹ 90,000 and Credit Bose's A/c by ₹ 2,10,000.

16. Jim and Joy were partners in a firm sharing profits and losses equally. On 1st April, 2024, they admitted John as a new partner for 1/5th share in the profits of the firm. On the date of John's admission, the Balance Sheet of Jim and Joy showed a debit balance of ₹ 45,000 in Profit and Loss Account.

From the following, what will be the accounting treatment for this balance on John's admission ? *1*

(A) Debit Jim and Joy by ₹ 22,500 each and Credit Profit and Loss Account by ₹ 45,000.

(B) Debit Jim and Joy by ₹ 18,000 each, Debit John by ₹ 9,000 and Credit Profit and Loss Account by ₹ 45,000.

(C) Debit John by ₹ 45,000 and Credit Jim and Joy by ₹ 22,500 each.

(D) Debit Profit and Loss Account by ₹ 45,000 and Credit Jim and Joy by ₹ 22,500 each.

17. Jain and Gupta were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 3. On 31st March, 2024, the firm was dissolved. After transferring various assets (other than cash ₹ 6,400) and the third-party liabilities to Realisation Account, the following transactions took place :

(i) Debtors ₹ 80,000 were taken over by a debt collection agency at 10% discount.

(ii) Creditors amounting to ₹ 40,000 were taken over by Jain.

(iii) Realisation expenses amounted to ₹ 5,100, which were paid by Gupta.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Jain and Gupta. *3*

**18.** (क) भरत तथा ईशू एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। रिषभ को फर्म के लाभों में 1/4 भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश दिया। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,00,000 किया गया। रिषभ ₹ 2,00,000 अपनी पूँजी के रूप में तथा ₹ 60,000 अपने भाग की ख्याति प्रीमियम के रूप में नगद लाया। रिषभ के प्रवेश के समय फर्म की पुस्तकों में ख्याति ₹ 50,000 पर दर्शाई गई थी।

रिषभ के प्रवेश पर उपर्युक्त लेनदेनों के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) सना और राजेश एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। उन्होंने सोनू को फर्म के लाभों में 1/5 भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश दिया। फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाएगा। फर्म का औसत शुद्ध लाभ ₹ 80,000 था। व्यवसाय में विनियोजित पूँजी ₹ 2,00,000 थी तथा प्रतिफल की सामान्य दर 10% थी। सोनू द्वारा लाई गई ख्याति प्रीमियम की राशि की गणना कीजिए। *3*

**19.** (क) 1 अप्रैल, 2024 को वर्षा लिमिटेड ने रामा लिमिटेड से ₹ 12,00,000 का फर्नीचर तथा ₹ 20,00,000 की मशीनरी का क्रय किया। इसने इसकी ₹ 3,00,000 राशि की देयताओं का भी अधिग्रहण किया। ₹ 35,00,000 के क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 2,00,000 का बैंक ड्रॉफ्ट निर्गमित करके तथा शेष ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया।

वर्षा लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) रोशनी लिमिटेड ने प्रकाश लिमिटेड से ₹ 1,98,000 मूल्य की मशीनरी खरीदी। क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 8% ऋणपत्रों को 10% के बट्टे पर निर्गमित करके किया गया।

(i) निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या की गणना कीजिए।

(ii) मशीनरी के क्रय तथा ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**20.** रानी, मानव तथा पुष्पा एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 को रानी ने फर्म से सेवानिवृत्ति का निर्णय लिया। उस तिथि को संचयों, परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण का आवश्यक समायोजन करने के पश्चात उसके पूँजी खाते का शेष ₹ 3,08,000 था। मानव तथा पुष्पा उसके दावे के पूर्ण निपटान में उसे ₹ 3,80,000 का भुगतान करने के लिए सहमत हुए।

ख्याति में रानी के भाग की गणना कीजिए तथा इसके लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए। *3*

**18.** (a) Bharat and Ishu were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 1. Rishab was admitted into partnership for $1/4^{th}$ share in the profits of the firm. Goodwill of the firm was valued at ₹ 4,00,000. Rishab brought ₹ 2,00,000 as his capital and ₹ 60,000 out of his share of goodwill premium in cash. At the time of Rishab's admission, goodwill was appearing in the books of the firm at ₹ 50,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm on Rishab's admission. *3*

**OR**

(b) Sana and Rajesh were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3. They admitted Sonu into partnership for $1/5^{th}$ share in the profits of the firm. Goodwill of the firm was to be valued at three years' purchase of super-profits. Average net profit of the firm was ₹ 80,000. Capital employed in the business was ₹ 2,00,000 and normal rate of return was 10%. Calculate the amount of goodwill premium brought by Sonu. *3*

**19.** (a) On $1^{st}$ April, 2024, Varsha Ltd. purchased from Rama Ltd., furniture at ₹ 12,00,000 and machinery at ₹ 20,00,000. It also took over its liabilities amounting to ₹ 3,00,000. The purchase consideration of ₹ 35,00,000 was paid by issuing a bank draft of ₹ 2,00,000 and the balance by issue of 11% Debentures of ₹ 100 each, at a premium of 10%.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Varsha Ltd. *3*

**OR**

(b) Roshni Ltd. purchased machinery worth ₹ 1,98,000 from Prakash Ltd. The purchase consideration was paid by issue of 8% debentures of ₹ 100 each at 10% discount.

(i) Calculate the number of debentures issued.

(ii) Pass necessary journal entries for purchase of machinery and issue of debentures. *3*

**20.** Rani, Manav and Pushpa were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On $1^{st}$ April, 2024, Rani decided to retire from the firm. On that day, the balance in her capital account after making necessary adjustments on account of reserves, revaluation of assets and reassessment of liabilities was ₹ 3,08,000. Manav and Pushpa agreed to pay her ₹ 3,80,000 in full settlement of her claim.

Calculate Rani's share of goodwill and pass the necessary journal entry for the same. *3*

**21.** एनके लिमिटेड की पुस्तकों में निम्नलिखित लेनदेनों के लिए ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 100 प्रत्येक के 500, 9% ऋणपत्रों का 10% बट्टे पर निर्गमन, जिनका शोधन 5 वर्षों के पश्चात 10% प्रीमियम पर किया जाएगा।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 400, 9% ऋणपत्रों का 5% बट्टे पर निर्गमन जिनका शोधन 5 वर्षों के पश्चात सममूल्य पर किया जाएगा। *4*

**22.** हंस, सोहन तथा किशोर एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है। 1 अगस्त, 2024 को किशोर की मृत्यु हो गई। साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि किसी भी साझेदार की मृत्यु पर उसके निष्पादक निम्नलिखित के हकदार होंगे :

(i) उसके पूँजी खाते में शेष घटा उसका आहरण।

(ii) पूँजी पर 12% वार्षिक दर से ब्याज।

(iii) ख्याति में उसका भाग।

(iv) उसकी मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभों में उसका भाग, जिसकी गणना पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जाएगी।

किशोर की मृत्यु की तिथि पर फर्म की पुस्तकों से निम्नलिखित जानकारी प्राप्त हुई :

(क) 1 अप्रैल, 2024 को उसके पूँजी खाते का शेष ₹ 4,00,000 था और उस तिथि तक उसने अपने उपचार के लिए ₹ 90,000 का आहरण किया।

(ख) किशोर की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 60,000 किया गया।

(ग) फर्म के पिछले चार पूर्ण वर्षों के लाभ थे : ₹ 2,00,000, ₹ 2,20,000, ₹ 1,20,000 तथा ₹ 1,80,000।

किशोर के निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए। *4*

**23.** (क) मयंक लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 70,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि निम्नलिखित प्रकार से देय थी :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | – | ₹ 20 प्रति अंश |
| आबंटन पर | – | ₹ 40 प्रति अंश |
| प्रथम याचना पर | – | ₹ 20 प्रति अंश |
| द्वितीय तथा अंतिम याचना पर | – | शेष |

